विदेशों में भारतीय मिशनों के लिये हिन्दी कर्मचारी और हिन्दी टाइपराइटर

@1080. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) उन भारतीय मिशनों के नाम क्या हैं जहां कर्मचारियों तथा अधिकारियों की संख्या दस से अधिक है ;

(ख) क्या इन मिशनों में कम से कम एक हिन्दी टाइपराइटर प्रदान किया गया है?

(ग) यदि नही, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या वहां हिंदी अधिकारी तैनात किये गये हैं ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० ए० रहीम): (क) उन भारतीय मिशनों की सूची अनुबंध में दी गई है जहां अधिकारियों और स्टाफ (भारत आस्थानों) की संख्या दस से अधिक है। [देखिये परिशिष्ट XXXI अनुबंध संख्या 27]

(ख) और (ग) जी, हां । हमारे स्थित भारत के हाई कमीशन को छोड़कर इन मिशनों को भी देवनागरी टाइपराइटर उपलब्ध कराने के लिये कार्रवाई की जा रही है।

(घ) और (ङ) इस समय हमारे मिशनों में हिंदी अधिकारियों के छह पद हैं– लन्दन, जार्जटाऊन, पारामारिबो, सूवा, पोर्ट लुई और पोर्ट आफ स्पेन में । हिन्दी अधिकारियों के अन्य पद भारतीय जनसंख्या के परिमाण के आधार पर और संबद्ध मिशन की कार्यात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये सृजित किये जायगे बशर्ते कि इस लिये धन उपलब्ध हो ।

Appointment of Hindi officers in India missions abroad .

@@1081. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether Hindi officers have recently been appointed in various Indian missions abroad;

(b) if so, the names of missions where the appointments have been made; and

(c) what are the functions assigned to Hindi Officers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI A. A. RAHIM): (a) Yes, Madarn.

(b) (i) High Commission if India, London,

(ii) High Commission of India, Port Louus.

(iii) High Commission of India, Port of Spain.

(iv) High Commission of India, Georgetown.

(v) Embassy of India, Pa-ramaribo.

(vi) High Commission of India, Suva.

(c) These are, inter alia,

(i) To propagate Hindi abroad.

(ii) To help the Missions in implementing Government orders on official language.

(iii) To arrange cultural programmes.

(iv) To explore possibilities of exchange of eminent scholars.

(v) To aid and advise Universities in smarting classes in Hindi, Indian languages and Indoloav

@@@Previously Unstarred question No. 577, transferred from the 27th July, 1984.
@@ Previously Unstarred Question No. 611, transferred from the 27th July, 1984.